# चित्रकूट-पुलिस

**(1).** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे "मिशन शक्ति अभियान-4" के तत्वाधान में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों/''शक्ति दीदी'' द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

"मिशन शक्ति अभियान-4" व ''शक्ति दीदी'' अभियान के तहत आज दिनांक 09.07.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रो में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामो में भ्रमण किया गया । महिलाओं/बालिकाओँ को "मिशन शक्ति" व ''शक्ति दीदी'' के सार्वजनिक स्थलो जैसे-चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिला/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई । इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है । इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया । इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की।

**(2).** आज दिनाँक 09.07.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह निर्देशन में शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चित्रकूट पुलिस के थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओँ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सड़क पर हो रहे अतिक्रमण, शराब की दुकान, रेलवे स्टेशनों,होटल/ढाबो, 02/04 पहिया वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी।

**(3).** "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान 2.0 के तहत आज दिनांक 09.07.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा पुलिस लाइन परिसर में पाकड़ का पेड़ लगाकर उपस्थित अधिकारी/कर्मचारियों को एक-एक पौधा लगाने हेतु प्रेरित किया गया। इस अवसर पर जनपद पुलिस के सभी अधिकारियों/कर्मचारियों ने सहभागिता करते हुए पर्यावरण संरक्षण के इस कार्य में योगदान दिया।

पुलिस लाइन परिसर में पुलिस अधीक्षक द्वारा वृक्षारोपण कर अभियान की शुरुआत की गई। पौधारोपण के अवसर पर क्षेत्राधिकारीगण सहित पुलिस लाइन के अधिकारी/कर्मचारीगणों द्वारा एक एक पौधा लगाया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद के सभी थानों व चौकियों पर प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष/चौकी प्रभारीगण द्वारा भी अपने-अपने परिसर में फलदार, छायादार व औषधीय पौधों का रोपण करने हेतु बताया गया।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पौधारोपण केवल एक पेड़ लगाने का कार्य नही हैं,बल्कि यह जीवन को संवारने और पर्यावरण को बचाने का कार्य करती है यदि हम सभी मिलकर बहुत पड़े पैमाने पर पौधारोपण करते है तो हमारी भावी पीढ़ी को दिया जाने वाला यह सबसे अनमोल उपहार होगा। पेड़ हमें अत्यावश्यक ऑक्सीजन भी प्रदान करते हैं। हर एक पौधा एक जीवन की तरह होता है, जिसे लगाकर उसका पालन-पोषण करना हमारा नैतिक दायित्व है। उन्होंने सभी पुलिसकर्मियों से आह्वान किया कि लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल सुनिश्चित करें ताकि ये वृक्ष बनकर आने वाले समय में जनपद को हरित व स्वच्छ बनाए रखें।

पौधारोपण के दौरान क्षेत्राधिकारी कार्यालय/लाइन्स श्री अरविन्द कुमार वर्मा, क्षेत्राधिकारी नगर श्री राज कमल,प्रभारी आरआई श्री राकेश समाधिया,पीआरओ श्री प्रवीण सिंह सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहें।

**(4).** श्रीमान पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 के निर्देशन में चलाये जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत माननीय न्यायालय में लम्बित चल रहे वादों में गहन पैरवी कर अपराधियों को अधिक से अधिक सजा कराने हेतु पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक भरतकूप श्री मनोज कुमार एवं पैरोकार मुख्य आरक्षी आरिफ खाँ द्वारा की गयी गहन पैरवी एवं अभियोजन अधिकारी श्री शशिकान्त यादव द्वारा की गयी प्रभावी प्रस्तुति एवं प्रभावी बहस के फलस्वरूप माननीय न्यायालय सिविल जज सीनियर डिविजन श्री सचिन दीक्षित द्वारा आज दिनाँक 09.07.2025 को थाना भरतकूप में पंजीकृत मु0अ0सं0 06/2020 धारा 279,337,338 भादवि0 के आरोपी अभियुक्त गणेश साहू पुत्र रामभवन साहू निवासी अकबरपुर थाना भरतकूप जनपद चित्रकूट को न्यायालय उठने तक की सजा व 2500/- रूपए के अर्थदण्ड से दंडित किया गया।

**(5).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में सामाजिक रिश्तों को बचाने हेतु किये जा रहे प्रयासों के क्रम में पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केन्द्र पुलिस टीम द्वारा आपसी परिवारिक झगड़े को समाप्त कराकर परिवार में सुलह कराते हुए परिवार को टूटने से बचाया।

आवेदक प्रदीप कुमार द्विवेदी पुत्र दया शंकर द्विवेदी निवासी टिकरा सिरावल थाना राजापुर जनपद चित्रकूट ने पुलिस अधीक्षक चित्रकूट के समक्ष प्रार्थना पत्र दिया कि पत्नी द्वारा लड़ाई झगड़ा,गाली गलौज, फांसी की धमकी एवं झुठे मुकदमें में फंसाने की धमकी देना। पुलिस अधीक्षक चित्रकूट द्वारा प्रार्थना-पत्र के निस्तारण हेतु प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र को निर्देशित किया गया। परिवार परामर्श केन्द्र प्रभारी उ0नि0 श्रीमती गीता देवी, महिला आरक्षी शिवाग्नी द्वारा शिकायतकर्ता की शिकायतों को विस्तारपूर्वक सुनकर समझकर द्वितीय पक्ष से सम्पर्क करके उन्हें पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केंद्र बुलाया गया तथा दोनों पक्षों को समझाया गया। दोनों पक्षों द्वारा भविष्य में आपस मे पारिवारिक सामजस्य बनाकर रहने तथा कर्तव्यों का सही से पालन करने की बात कही गयी। आपसी सुलह होने पर

दम्पत्ति जोड़े को एक दूसरे के साथ-साथ आपस में सामन्जस्य बिठाकर एवं परिवारिक दायित्यों को सही प्रकार से निर्वहन करने हेतु सलाह दी गयी।

**समझौता कराने वाली टीमः-**

1.प्रभारी परिवार परामर्श केंद्र उ0नि0 श्रीमती गीता देवी

2.महिला आरक्षी शिवाग्नी

**(6).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में वांछित/वारण्टी अभियुक्तों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी राजापुर श्री जयकरन सिंह के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक रैपुरा श्री विनोद कुमार शुक्ला के मार्गदर्शन में अपराध निरीक्षक श्री प्रभुनाथ यादव व उनकी टीम ने आत्महत्या के लिए मजबूर करने वाले 01 वाँछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया।

उल्लेखनीय है कि दिनाँक 26.06.2025 को वादी शिवदास पुत्र रामभवन निवासी भैरोपागा द्वारिकापुरी थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट द्वारा थाना रैपुरा में सूचना दी गयी कि अपनी पुत्री की शादी 22 वर्ष पूर्व कमलेश पुत्र लल्लूराम निवासी अतरौली थाना रैपुरा जनपद चित्रकूट के साथ किया था । दिनांक 23.06.2025 को पति कमलेश,ससुर लल्लूराम,देवर गुलाब व भतीजा रज्जन पुत्र इन्द्रेश द्वारा प्रार्थी की पुत्री को जहर पिलाया जिसको उपचार हेतु जिला अस्पताल कर्वी लाया गया जहाँ पर डाक्टरो ने मृत घोषित कर दिया । इस सूचना पर थाना रैपुरा में मु0अ0सं0 138/2025 धारा 108 बीएनएस बनाम 1. लल्लूराम पुत्र अज्ञात 2. कमलेश 3.गुलाब पुत्रगण लल्लूराम 4.रज्जन पुत्र इन्द्रेश निवासीगण अतरौली थाना रैपुरा जनपद चित्रकूट पंजीकृत किया गया। आज दिनाँक 09.07.2025 को मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित वाँछित अभियुक्त कमलेश कुमार कुशवाहा पुत्र लल्लूराम निवासी ग्राम अतरौली थाना रैपुरा जनपद चित्रकूट को अभियुक्त के घर ग्राम अतरौली से पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया।

**गिरफ्तार करने वाली टीम-**

1.अपराध निरीक्षक श्री प्रभुनाथ यादव थाना रैपुरा

2.उ0नि0 श्री अखिलेश सिंह यादव

3.आरक्षी शिवम मिश्रा

**(7).** जनसुनवाई/आईजीआरएस पोर्टल पर जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु रिपोर्ट की समीक्षा शासन स्तर पर प्रतिदिन की जाती है। माह जून 2025 में आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त संदर्भो एवं उनके गुणवत्तापूर्वक निस्तारण के सम्बन्ध में की गयी समीक्षा में जनपद चित्रकूट पुलिस को उ0प्र0 के सभी 75 जिलों में से प्रथम स्थान प्रदान किया गया है।

पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक श्री सत्यपाल सिंह नोडल अधिकारी आईजीआरएस पर्यवेक्षण में निरीक्षक श्री प्रदीप कुमार यादव प्रभारी आईजीआरएस द्वारा उच्चाधिकारियों से प्राप्त आदेशों-निर्देशों का पालन कराते हुये कड़ी मेहनत की गयी । माह जून में माननीय मुख्यमंत्री संदर्भ, जिलाधिकारी/जनसेवा संपूर्ण समाधान दिवस/थाना दिवस में जनपद पुलिस द्वारा सभी संदर्भो का समय से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया गया। आईजीआरएस शाखा में नियुक्त आरक्षी मानवेन्द्र सिंह एवं महिला आरक्षी अनीशा बानो, महिला आरक्षी मीरा यादव तथा जनपद के समस्त थानों/क्षेत्राधिकारी कार्यालयों में आईजीआरएस पोर्टल का कार्य देख रहे थानों के पुलिस कर्मियों ने कड़ी मेहनत कर सभी संदर्भो की ऑनलाइन फीडिंग की गयी एवं प्राप्त संदर्भो के निस्तारण में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी गयी, जिस कारण से जनपद चित्रकूट को जनसुनवाई के मामलों में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।

सभी संदर्भों की ऑनलाईन फीडिंग एवं प्राप्त संदर्भों के निस्तारण में जनपद चित्रकूट के सभी 08 थानों को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।

(9). श्रीमान पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 के निर्देशन में चलाये जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत माननीय न्यायालय में लम्बित चल रहे वादों में गहन पैरवी कर अपराधियों को अधिक से अधिक सजा कराने हेतु पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री उपेन्द्र प्रताप सिंह एवं पैरोकार आरक्षी अशोक बाबू द्वारा की गयी गहन पैरवी एवं सहायक अभियोजन अधिकारी आकाश साहू द्वारा की गयी प्रभावी प्रस्तुति एवं प्रभावी बहस के फलस्वरूप माननीय न्यायाधीश सिविल जज जेएम द्वितीय सुश्री अंजलिका प्रियदर्शिनी द्वारा आज दिनाँक 09.07.2025 को थाना कोतवाली कर्वी में पंजीकृत मु0अ0सं0 408/2012 धारा 279,337,338,304A भादवि0 के आरोपी अभियुक्त वीरनारायण सिंह पुत्र अमृतलाल पटेल निवासी सिद्धपुर कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट को 01 वर्ष का कारावास व 12000 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया।
(10). मा०अध्यक्ष, उ०प्र० महिला कल्याण निगम (राज्य मंत्री स्तर) उत्तर प्रदेश /मुख्य अतिथि श्रीमती कमलावती सिंह की अध्यक्षता में व मंडला आयुक्त चित्रकूट धाम मंडल बांदा श्री अजीत कुमार, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री अशोक जाटव, जिलाधिकारी श्री शिवशरणप्पा जीएन, पुलिस अधीक्षक श्री अरुण कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती अमृतपाल कौर, प्रभागीय बना अधिकारी श्री प्रत्युष कुमार कटिहार, अध्यक्ष को ऑपरेटिव बैंक चित्रकूट बांदा श्री पंकज अग्रवाल, पूर्व सांसद श्री भैरव प्रसाद मिश्रा,ब्लॉक प्रमुख मानिकपुर श्री अरविंद मिश्रा की उपस्थिति में वृक्षारोपण महोत्सव 2025 उमरी वन में शुभारंभ सरस्वती मां के चित्र पर द्वीप प्रचलित कर प्रारंभ किया गया। इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष द्वारा विधिवत पूजा अर्चन के पश्चात नीम, पीपल व बरगद के वृक्ष का रोपण किया गया। इस अवसर पर उपनिदेशक टाइगर रिजर्व रानीपुर /प्रभागीय बनाधिकारी ने स्वागत एवं कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत किया ।उन्होंने बताया कि 74 लाख जनपद में वृक्षारोपण का लक्ष्य दिया गया है जिसको विभिन्न क्षेत्र में वाटिका, ग्राम बन किसाने स्वयं सहायता समूहहो छात्र-छात्राओं के द्वारा कराया जा रहा है।
इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष श्रीमती कमलावती सिंह ने कहा कि चित्रकूट के इस पावन धरती पर वृक्षारोपण किया जा रहा है कहा कि पूरे प्रदेश में 37 करोड़ माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा लक्ष्य निर्धारित है। इसी क्रम में जनपद में 74 लाख वृक्षारोपण का लक्ष्य दिया गया है ।उन्होंने जिलाधिकारी शिवशरणप्पा के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि कानपुर में हम लोगों ने मिलकर कार्य किया जो अच्छा रहा आज मौका यहां मिला है यह भी प्रशंसनी होगा। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी व माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा यह योजना चली आ रही है लेकिन अब सही मौका मिला है इसे करने का। उन्होंने कहा कि महिला और बन दोनों ही पालनहार है और यह शक्ति स्वरुपा है कहां की मां जिस तरह से अपने बच्चों को सहेजती है उसी तरह प्रकृति भी मानव को सहेजती है कहा कि पेड़ लगाने से पहले दृष्ट संकल्पित होकर जाएं कहां युवा ही हमारी शक्ति है इसको हमें जीवित रखना है कहां कि पहले हम लोगों द्वारा पंचवटी का वृक्षारोपण किया जाता था। कहा कि आने वाले समय में माननीय मुख्यमंत्री जी का निर्देश है कि 37 करोड़ वृक्षारोपण करना है कहां की पर्यावरण की दृष्टि से राम की तपोभूमि महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि जहां पर हमारे पेड़ होते हैं अधिकतर गंगा किनारे होता है और वहां अधिक बरसात होती है उन्होंने कहा कि पेड़ों को काटकर हम मल्टी स्टोरी बिल्डिंग खड़ी कर रहे हैं जिसका भुगतान हमें वाटर लेवल जलवायु परिवर्तन प्रदूषण आदि से मिल रहा है। उन्होंने कहा कि आज ऑक्सीजन के कमी से लोग परेशान हो रहे हैं देश समस्या को देख रहा है हमें पेड़ों की रक्षा करनी होगी ।उन्होंने कहा कि पहले आवला के पेड़ के नीचे लोग भोजन करते थे यह परंपरा हमारे सदियों से चली आ रही है हमें इन पर विचार करना चाहिए ।हम एक पेड़ मां के नाम -2.0 अवश्य लगाएं एवं उसकी रखवाली स्वयं करें कहा कि किसी भी स्थिति में पेड नहीं बचते उसकी जगह हमें नए पेड़ अवश्य लगाएं ।उन्होंने कहा कि किसान भाइयों मेढ़ के ऊपर पेड़ अवश्य लगाएं

जिससे की जब बाढ़ आती है तो कटान नहीं होती है कहा कि वृक्षारोपण से कई लाभ प्राप्त होते हैं उन्होंने कहा कि पेड़ लगाना हम सबका दायित्व है आज पूरा देश में वृक्षारोपण कराया जा रहा है सभी जिलों में मुख्य अतिथि के रूप में नोडल बनाए गए हैं कहा कि माननीय मुख्यमंत्री जी के दिशा निर्देशों के अनुसार हरित क्षेत्रको बनाना है ।उन्होंने प्रभागीय बना अधिकारी को निर्देशित किया कि पेड़ सही से सही स्थलों पर लगाए। उन्होंने सभी माताए बच्चे से निवेदन किया कि जब जाए तो एक वृक्ष रोपण अवश्य करें उसकी स्वयं सुरक्षा भी करें।

मंडला आयुक्त चित्रकूट धाम मंडल बांदा श्री अजीत कुमार ने कहा कि जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक की कड़ी मेहनत से अपनी टीम के साथ वृक्षारोपण में अच्छा कार्य किया है ।उनको मैं बहुत-बहुत धन्यवाद देता हू एवं इसी के साथ माननीय जनप्रतिनिधियों को भी धन्यवाद देता हूं जो सहयोग रहा। उन्होंने कहा कि बच्चों के कुछ जोड़कर परिवर्तन लाना जरूरी है जो बड़ा आंदोलन होगा ।उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री जी ने एक स्लोगन में कहा कि खेत पर मेढ़ मेढ़ पर पेड़ इसको हम सभी को सफल बनाना है ।उन्होंने कहा कि संसाधनों की कमी नहीं है हमारी इच्छा शक्ति को मजबूत करना होगा ।उन्होंने कहा कि पेड़ के महत्व को समझे कहा कि पेड़ के माध्यम से अफ्रीका में आदिवासी लोग एक दूसरे को संदेश भेजो करते थे कहां की पेड़ पौधे प्रकृति से प्रेम करुणा लाता है ।उन्होंने कहा कि पेड़ के नीचे बुद्ध को ज्ञान प्राप्त हुआ था पेड़ हर दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है इसे हर एक को जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि यूथ में परिवर्तन करना जरूरी है और इन्हें वृक्षारोपण से जोड़ें।

जिलाधिकारी ने कहा की पूरे प्रदेश में 37 लाख वृक्षारोपण का लक्ष्य रखा गया है इसी क्रम में जनपद में 74 लाख का भी लक्ष्य दिया गया है सभी लोग पेड़ लगाने के साथ उसे बचाए ।उन्होंने कहा कि हम लोगों ने स्कूलों में भी वृक्षारोपण के साथ-साथ अभिभावकों को भी पौधे दिया गया है एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाओं किसान व बागवानी के साथ जोड़ा गया है उन्होंने कहा कि किसान सम्मन निधि प्राप्त करने वाले एवं नया बीज प्राप्त करने वाले किसानों को भी वृक्षारोपण कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रभागीय बना अधिकारी द्वारा जनपद के कई बड़े स्थल चिन्हित कर ग्राम वन, उपवन वन, सूर्यवन आदि वन बनाकर पौधे लगाए जा रहे हैं एवं इसके साथ ही साथ फेंसिंग भी कराई जा रहे हैं ।उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत में ग्राम बन भी बनाए गए हैं कहा कि मंदाकिनी के किनारे 1 लाख 21 हजार पौधे लगाए जा रहे हैं उन्होंने कहा कि जनपद के 328 तालाबों के बीटे पर वृक्षारोपण व रखरखाव की भी व्यवस्था किया जा रहा है उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं बच्चों से अपील किया कि आप लोग द्वारा वृक्षारोपण में महत्वपूर्ण योगदान रहेगा उन्होंने माननीय जनप्रतिनिधियों से भी कहा कि अधिक से अधिक वृक्षारोपण कराए ।

पुलिस अधीक्षक श्री अरुण कुमार सिंह ने कहा कि प्रकृति में जो जीवन है उसमें सबसे बड़ा योगदान वनस्पतियों का है कहा कि स्थल पर सबसे उत्तम रचना मानव की है एवं उससे अच्छी रचना प्रकृति का भी है कहा कि ग्लोबल वार्मिंग में आज वनस्पतियों के क्षेत्र में हम लोग आगे आ रहे हैं इसका आयोजन हो रहा है आप एक पेड़ मां के नाम अवश्य लगाएं ।उन्होंने कहा कि धरती प्रकृति मां द्वारा भरण पोषण करता है कहा कि जो पौधे लगाते हैं वह बचे हैं कि नहीं यह देखें अगर नहीं बचे हैं उस स्थल पर पुनः पेड़ लगाए इस तरह से पेड़ बढ़ते जाएंगे सोचना पड़ेगा कि हम किस तरह से पौधे लगाए। उन्होंने कहा कि दीर्घ गामी सोच के साथ आगे बढ़े । उन्होंने कहा कि मानव जब जंगलों को साफ कर खेती करने लगे तो जलवायु परिवर्तन होने लगा एवं पानी भी कम बरसने लगा एवं जलवायु परिवर्तन होने लगा तो हमें दीघा गामी सोच के साथ बढ़ रहे हैं पिछले वर्ष जो पेड़ लगाए हुए बचे की नहीं उसे भी पानी प दें नहीं बचा है तो उसे पुनः लगाकर पानी दे उन्होंने कहा कि इसमें सभी लोगों की सहभागिता होनी चाहिए तभी परिवर्तन आ सकता है। तत्पश्चात सरैया के ग्राम वन में नवग्रह वृक्षारोपण माननीय अध्यक्ष एवं जनप्रतिनिधियों अधिकारियों द्वारा किया गया ।वृक्षारोपण कार्यक्रम में विज्ञान फाउंडेशन बरगढ़ एवं प्रयागराज से आए युवक युवतियों द्वारा वृक्षारोपण के संबंध में नुक्कड़ नाटक भी किया

गया एवं छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि व अधिकारियों जनप्रतिनिधियों द्वारा पौधे भी वितरित किए गए ।माननीय अध्यक्ष एवं जनप्रतिनिधियों अधिकारियों को स्मृति चिन्ह के रूप में वृक्ष दिया गया। सभा का संचालन शिक्षक साकेत बिहारी शुक्ला, गरिमा सिंह ने किया। दयाराम रैकवार द्वारा भगवान रामचंद्र के तपोभूम एवं एक पेड़ मां के नाम पर गीत भी प्रस्तुत किया गया।

इस अवसर पर डीसी एनआरएलएम श्री ओपी मिश्रा, अपर प्रभागीय बना अधिकारी श्री राजीव रंजन सिंह, जिला महामंत्री श्री आलोक पांडे अंजू वर्मा व अन्य जनप्रतिनिधि अधिकारी गण उपस्थित थे।